कुंजी का प्रयोग कैसे करें

चरण 1 - वंश एनॉफिलीज़ की पहचान (स्पर्शिका देखें)

मच्छर को डिसेक्टिंग माइक्रोस्कोप/हैण्ड लेंस के नीचे रखें, क्योंकि आकृति भेद के आधार पर एनॉफिलीज़ मच्छरों की पहचान लम्बी स्पर्शिका से की जाती है जो शुण्डिका (प्रोबोसिस) के बराबर होती है, जहां मादा में यह पतली और नर मच्छरों में गदाकार होती है।



मादा *एनॉफिलीज़* की स्पर्शिका



नर *एनॉफिलीज़* की स्पर्शिका

चरण 2 - उपवंश और प्रजाति की पहचान (पंख देखें)

कोस्टा, सबकोस्टा और शिरा 1 (R1) पर पीले धब्बों की संख्या गिनें और उपवंश की पहचान करें। उसके बाद, प्रजाति की पहचान करने के लिए स्पर्शिका, वक्ष, पैरों, पंखों और उदर की विशेषताएं देखें।

पृष्ठ 6 पर जाएं

नोटः इस कुंजी में प्रयुक्त चित्रांकन कंप्यूटर की सहायता से बिट मैप पिक्चर (bmp) में किया गया है। राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (पूर्व मलेरिया रिसर्च सेंटर) के म्युज़ियम में एनॉफिलीज़ मच्छरों की 36 प्रजातियां उपलब्ध हैं।